हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 20 अक्टूबर 2024

04 ग्रामीणों का आरोपः योजना का लाभ जाति के आधार...



07 आचार्य विद्यासागर महाराज और नवाचार्य ...





### करवा चौथ की पूजा के लिए महिलाओं ने की करवा की खरीदी

# महिलाएं पति की दीर्घायु व सुख-समृद्धि की कामना के साथ करेंगी आज निर्जला व्रत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

विश्व में भारतवर्ष पारंपरिक और सांस्कृतिक उत्सव के देश के रूप में जाना जाता है। देश में मनाए जाने वाले हर त्यौहर एवं उसमें गुथी रस्में जीवन का कोई न कोई महत्वपूर्ण पाठ पढ़ाती हैं। करवा चौथ का त्यौहार कार्तिक माह की चतुर्थी को मनाया जाता है।

इस दिन सुहागिन महिलाएं पति की लंबी उम्र व परिवार में सुख-समद्धि की कामना को लेकर निर्जला व्रत कर, रात्रि में पूजन कर, छलनी से चांद को निहारकर अध्र्य देती हैं। प्रेम दाम्पत्य का यह अनूठा पर्व चांद को साक्षी मानकर किए जाने वाले इस पर्व की हर रस्म के माध्यम से यही संदेश मिलता है कि किस प्रकार इस जन्मजन्मांतर के संबंध को और अधिक प्रगाढ़ बनाया जाए। नगर में करवा चौथ का यह त्यौहार आज रविवार को मनाया जाएगा।

मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण के कहने पर द्रौपदी ने करवाचौथ का व्रत रखा था। इसी करवाचौथ व्रत से पांडवों को महाभारत युद्ध में विजय मिली थी। करवा चौथ के इस व्रत के दौरान सिर्फ चंद्रमा ही नहीं, चतुर्थी के देवता गणेश जी के अलावा शिव-पार्वती, कार्तिकेय की पूजा भी की जाती है। सुहागिन महिलाएं पति की दीर्घायु की प्रार्थना को लेकर व शादी योग्य युवतियां अच्छे वर की कामना को लेकर दिन भर निर्जल व्रत रहतीं है, शाम को चांद निकलने पर उसका दर्शन-पूजन कर व्रत का पारणा किया जाता है। पति की लंबी उम्र की कामना का पर्व करवा चौथ को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस त्यौहार के लिए महिलाएं तैयारी में जुटी हुई है। बाजार गुलजार हो गए महिलाओं ने खरीददारी शुरू कर दी।

करवा चौथ के पर्व पर बाजार में मिट्टी के बने आधुनिक करवा पूजन सामग्री की दुकान भी सज गई है। वहीं करवा चौथ पर्व से पहले सराफा, साड़ी का बाजार भी गुलजार हो गया है। दुकानों पर महिलाओं की भीड़ दिखाई दे रही है। इस व्रत में महिलाएं नई साड़ी व श्रृंगार कर पूजा करती है। करवा चौथ के इस पूजन के लिए नगर में कई स्थानों पर दुकानें सजी हुई हैं। जहां पहुंचकर सुहागिन महिलाओं द्वारा करवा के साथ-साथ करवा चौथ की पूजन की पुस्तक खरीदी जा रही है। वहीं नगर के विभिन्न मोहल्लों में भी करवा की बिक्री के लिए हाथ ठेले पर दुकान सजा कर इसका व्यवसाय करने वालों द्वारा बिक्री की जा रही है।

## करवा चौथ की बाजार में दिखी रौनक

कानड़। शनिवार को नगर में करवा चौथ पर्व की रोनक बाजार में देखने को मिली। बाजार की रौनक उस समय बढ़ती हुई दिखाई दी जब महिला वर्ग अपने कठिन व्रत करवा चौथ को लेकर बाजार में करवा व चलनी की खरीदी करने निकली वही उक्त सामग्री के अलावा उन्होंने आर्टिफिशियल ज्वेलरी सहित पूजापाठ के की सामग्री और श्रंगार की वस्तुएं जमकर खरीदी।बाजार में एक करवे की कीमत 20 रूपए थी तो अपने पति के चेहरे को चलनी में निहारने की कीमत 20 रूपए से लेकर 40 रूपए तक रही। करवा व चलनी की बिक्री भी जमकर हुई वही धीरे-धीरे प्रकाश पर्व दीपावली की आहट भी बाजार में दिखी।



*ग्रामीणों ने कहा, सांठगांठ से ठेकेदार ने ली खदान की परमिशन*

## अवैध खनन का आरोप लगाकर कलेक्टर को दिया आवेदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

समीपस्थ ग्राम सामरी में नलखेडा छापीहेड़ा रोड का चौडीकरण का कार्य किया जाना है साथ-साथ नवनिर्माण भी होगा। संबंधित निर्माण ठेकेदार को ग्राम सामरी के समीप खदान के लिए जो जमीन आवंटित की गई है। जिला प्रशासन स्तर पर खदान की मंजूरी करवाने के लिए जो दस्तावेज पेश किए गए हैं, वह गांव से मात्र केवल 200 फीट दूरी पर ही स्थित है।

इसी से आहत होकर ग्राम सामरी के ग्रामीण रामप्रसाद, राधेश्याम, रामसिंह, काशीराम, कालूसिंह, बहादुरसिंह, रामचरण आदि ग्रामीणों द्वारा शुक्रवार को जिला कलेक्टर को एक आवेदन प्रस्तुत किया गया है। ग्रामीणो ने साथ ही खनिज विभाग आगर, एसडीएम कार्यालय सुसनेर एवं नलखेड़ा तहसीलदार को भी आवेदन दिए हैं। ग्रामीणों ने दिए गए आवेदन में दर्शाया गया कि वर्तमान समय में नलखेड़ा से छापीहेड़ा रोड का नव निर्माण चौड़ीकरण होगा जिसमें अधिक मात्रा में मुरम बोल्डर की आवश्यकता होगी जिसकी खुदाई ग्राम सामरी से मात्र 200 फीट की दूरी पर खोदी जावेगी जिसके कारण गांव का विकास भी बाधित होगा और अधिक गहराई होने के कारण गांव में बच्चे एवं जानवरों के गिरने का डर बना रहेगा। एवं जिस स्थान पर खुदाई कार्य होगा उसके समीप ही प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र भी मौजूद हैं जहां स्कूली बच्चे उसी स्थान पर खेलने के लिए भी जाते हैं, यहां पर कभी भी अनहोनी की घटना निर्मित हो सकती हैं। आवेदन में आगे दर्शाया गया कि ग्राम सामरी की अधिकांश भूमि कुंडलिया डैम में डूब चुकी है, और इसी स्थान पर समस्त ग्राम वासियों के गाय,मवेशी चरने भी जाते हैं।

साथ ही जिस भूमि को मुरम खदान के लिए आवंटित किया गया है वह गोचर भूमि है इसलिए यहां पर खनन करना अवैध होगा ,गांव की गोचर भूमि जो राजस्व विभाग के रिकॉर्ड में भी मौजूद हैं ऐसी जगह पर कभी भी खदान नहीं खोदी जा सकती। जहां खदान खोदी जाएगी उसका सर्वे नंबर 196/1/3 का क्षेत्रफल 5.904 हेक्टेयर बर्डी गोचर भूमि है,जो गांव के समीप स्थित है, ग्रामीणो ने खदान को गोचर भूमि को छोड़कर पर्यावरण के नियमानुसार ग्रामीण जनों को नुकसान न हो इसलिए गांव से आधा किलोमीटर दूर खोदने की अनुमति का आदेश जारी करने अनुरोध किया।

*बैंडबाजे के साथ निकाला चल समारोह*

## महाराजा अजमीढ़ का जन्मोत्सव मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

शनिवार को नगर में मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज द्वारा आराध्य देव महाराजा अजमीढ़ का जन्म महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। समाज द्वारा आराध्य महाराजा अजमीढ़ देव के चित्र को सुसज्जित रथ में विराजित कर चल समारोह निकला गया। चल समारोह के दौरान जगह जगह समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजमल सोनी और समाज के वरिष्ठजनों का पुष्पमाला व



सरोफा बांध कर स्वागत किया गया।चल समारोह बिजासन माताजी मंदिर से बैंड बाजे और ढोल को थाप के साथ धूम धाम से निकाला गया जो की माताजी मंदिर से प्रारंभ होकर पीपल चौक, दयानंद मार्ग पुराना बस स्टैंड तथा सारंगपुर रोड होते हुए सारंगपुर रोड स्थित सोनी मैरेज गार्डन तक पहुंचा जहा पर समस्त समाजजन द्वारा अपने आराध्य देव की महा आरती की गई। आरती के बाद भोजन प्रसादी कर कार्यक्रम का हुआ।

## मेंटेनेंस के चलते चार घंटे बंद रहेगा विद्युत प्रदाय

नलखेड़ा। नलखेड़ा टाउन फीडर के मेंटेनेंस के चलते इससे जुड़े सभी क्षेत्रों का विद्युत प्रदाय रविवार को चार घंटे बंद रहेगा। विद्युत वितरण कंपनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को नलखेड़ा टाऊन फिडर का मेंटेनेंस किया जाना है। जिसके कारण इससे जुड़े जायसवाल कालोनी, हनुमान मंडी, रामपुरा, गोविंदपुरा, सती मोहल्ला, तहसील रोड, अयोध्या बस्ती, धरोला रोड, ठाकुर मोहल्ला, मेवाती मोहल्ला सहित अन्य क्षेत्र जो भी टाउन फिडर से चलते हैं में प्रातः 8 से 12 बजे तक विद्युत प्रदाय बंद रहेगा। उक्त समय को कार्य के हिसाब से घटाया या बढ़ाया भी जा सकता है।

### पुलिस थाने जाकर दिया ज्ञापन

## भगवान देवनारायण पर वाट्सएप पर की गई टिप्पणी से समाजजनों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

एक वाट्सएप ग्रुप पर भगवान देवनारायण को लेकर अपशब्दों का उपयोग करने से नाराज धार्मिक व सामाजिक संगठनों के नागरिकों द्वारा पुलिस थाने पहुंचकर क ज्ञापन सौंपा गया जिसमें संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई है। शनिवार को पुलिस थाने पर थाना प्रभारी के नाम दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि केआईएनजी नामक वाट्सएप ग्रुप है जिसके द्वारा कुछ दिनों पूर्व हमारे आराध्य भगवान देवनारायण के खिलाफ अशब्द व गालियों का मैसेज डाला है जो बहुत ही गंभीर विषय है।

ज्ञापन में बताया कि उक्त मोबाइल नंबर पर एक बार बात करने के लिए कॉल लगाया गया तो उसके द्वारा अपना नाम कमलसिंह ठाकुर बताया गया व ट्रूकॉलर पर भी नाम वहीं आ रहा है। पुलिस को दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि इस गंभीर कृत्य से समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं वहीं समाज में इस घटना को लेकर आक्रोश का माहौल है। समाजजनों द्वारा आरोपी के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग करते हुए कहा गया कि कार्रवाई न होने पर समाजजन आदोंलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।



## डिप्टी कलेक्टर ने पीएमश्री स्कूल का निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आगर-मालवा

भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा पीएमश्री विद्यालयों के प्रदर्शन को मापने के लिए मुख्य परफोर्मेंस इंडीकेटर निर्धारित किए गए हैं।

जिसके परिपालन में कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह द्वारा जिले के पीएमश्री स्कूलों के लिए निरीक्षणकर्ता अधिकारी नियुक्त किए हैं। निरीक्षणकर्ता अधिकारी डिप्टी कलेक्टर मनीषा कौल ने शुक्रवार को पीएमश्री शासकीय माध्यमिक विद्यालय देहरिया सोयत का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य परफार्मेंस इंडीकेटर पर विद्यालय के प्रदर्शन का आंकलन किया गया। डिप्टी कलेक्टर कौल ने निर्धारित मापदण्ड अनुसार प्रत्येक गतिविधियों के लिए अंक प्रदान किए गए, जिसका प्रतिवेदन कलेक्टर को प्रस्तुत किया जाएगा।

*पीएमएफएमई योजना के पहलुओं पर चर्चा की*

## पॉलिटेक्निक में पीएमएफएमई योजना पर संगोष्ठी हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आगर मालवा



सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के औपचारिकीकरण (पीएमएफएमई) योजना पर संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत उप संचालक उद्यानिकी विभाग एसके राठौड़, उप संचालक कृषि विभाग विजय चौरसिया, प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी संजीव पाटिल, सहायक प्रबंधक उद्योग विभाग अशोक लिल्लोर सहित गणमान्य व्यक्तियों ने दीप प्रज्वलित कर की।

संगोष्ठी में व्यक्तियों ने पीएमएफएमई योजना के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने इस योजना के तहत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को औपचारिक रूप से स्थापित करने, वित्तीय सहायता प्राप्त करने, कौशल विकास और मार्केटिंग सहायता की जानकारी दी। इसके अलावा, श्री बजरंग नगर ने पीएमएफएमई योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया को विस्तार से समझाया, जिसमें आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज, पात्रता मानदंड और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करने की प्रक्रिया शामिल थी। उनकी जानकारी ने छात्रों और उपस्थित उद्यमियों के लिए आवेदन प्रक्रिया को सरल और स्पष्ट बनाया।

कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के टीपीओ श्री प्रताप सिंह कटारा द्वारा किया गया, जिन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत किया और संगोष्ठी को सुचारू रूप से चलाया। संगोष्ठी के अंत में प्रश्न-उत्तर सत्र आयोजित किया गया, जहाँ उपस्थित छात्रों और शिक्षकों ने योजना से संबंधित अपने सवाल पूछे और सभी गणमान्य व्यक्तियों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। कॉलेज के प्राचार्य एचएस तोमर ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियो का आभार व्यक्त किया। उन्होंने छात्रों को इस योजना के माध्यम से उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में सफल करियर बना सकें।

## शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में रोजगार की जानकारी दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आगर-मालवा

शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में रोजगार अधिकारी, संजीव पाटिल द्वारा महाविद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों को विभिन्न रोजगारों से संबंधित जानकारी के लिए काउंसिलिंग की गई। संस्था प्राचार्य की अध्यक्षता में आयोजित काउंसलिंग कार्यक्रम में पुणे की कंपनी राने. एन .एस. के. स्टीयरिंग प्राइवेट लिमिटेड के एचआर राजेश बघेल उपस्तिथ हुए, इनके द्वारा विद्यार्थियों को कंपनी में चयन के लिए जानकारी प्रदाय की गई। इस हेतु अगले माह प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध हुआ, जिसमें उन्हें सरकार की योजनाओं और उद्योग जगत की आवश्यकताओं के बारे में जानकारी मिली।

**खबर संक्षेप**

## शिविर में 255 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**चापडा।** बागली रोड स्थित जैन मंदिर परिसर में शुक्रवार के दिन निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन स्व. श्रीपाल दुग्गड छोटे भाई कि स्मृति में राजेश दुग्गड के व्दारा जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप, अलर्ट ग्रुप चापडा के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसमें इंडेक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल इंदौर की टीम द्वारा शिविर में आने वाले ग्रामीणों के स्वस्थ्य का परीक्षण किया गया।
इस दौरान जनपद सदस्य संगीता राजेश दुग्गड,डा जे सी यादव, संतोष कुमार जैन,डा पी सी जैन, स्वतंत्र कुमार जैन,गौरव दुग्गड, दिनेश पाटीदार,का स्वागत दुग्गड परिवार की ओर से किया गया। शिविर में 12 प्रकार की स्वास्थ्य से जुड़ी जांचें निःशुल्क की गई।साथ ही ब्ल्ड ग्रुप जांच कर कार्ड बनाकर दिया गया।इस दौरान राजेश दुग्गड ने बताया कि प्रतिवर्ष इसी प्रकार मेडिकल कॉलेज कि टीम के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर में 255 महिला, पुरूषों का स्वस्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में हृदय रोग,पेट, हड्डी रोग,कान,नाक,गला, दांतों से संबंधित समस्या, ब्ल्ड ग्रुप जांच , आंख आदि जांच की गई।

### ग्राम पंचायत बेहरी में प्रधानमंत्री आवासीय योजना का नही मिल रहा लाभ

# ग्रामीणों का आरोप: योजना का लाभ जाति के आधार पर और अपात्रों को दिया जा रहा

### ग्रामीणों ने योजना का लाभ नही मिलने की शिकायत जनपद सीईओ से कर योजना में नाम की लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जनपद पंचायत बागली की ग्राम पंचायत बेहरी के ग्रमीणों को प्रधानमंत्रीआवासीय योजना का लाभ नही मिल पा रहा हैं। ये सभी ग्रामीण पंचायत के स्थायी निवासी है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने बीती जनसुनवाई में कलेक्टर ऋषव गुप्ता से शिकायत की है। साथ ही बागली जनपद सीईओ को भी शिकायत की गई हैं।शिकायत में बताया गया है कि बेहरी में जिन हितग्राही को योजना का लाभ मिलना चाहिए था, जो आवास योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र है, उन हितग्राहीयों को वर्तमान में किसी भी प्रकार का आवास योजना संबंधित कोई लाभ प्राप्त नही हुआ है। अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के नाम से आई प्रधानमंत्री आवास योजना, अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों को दी जा रही है। तथा अनुसूचित जाति वर्ग के नाम से 16 प्रधानमंत्री आवास योजना आई है, जो सभी की सभी अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग को ग्राम बेहरी के सचिव, सहायक सचिव, सरपंच द्वारा सांठगांठ कर दी जा रही है।

शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि बेहरी के सचिव, सहायक सचिव, सरपंच, उप सरपंच आदि अधिकारी व जन प्रतिनिधि द्वारा ग्राम बेहरी में जाति को लेकर जातिगत भेदभाव किया जा रहा है। जिसके चलते इन सभी के द्वारा मिलीभगत के कारण हम हरिजन जाति के लोगों को आज तक किसी भी प्रकार से कोई भी आवास योजना संबंधित व अन्य प्रकार की योजना जो हम प्राप्त करने के अधिकारी है, किसी भी योजना का लाभ हमें आज तक प्राप्त नही हुआ है। शिकायतकर्ता कमल,घिसा, अर्जुन ने बताया कि ग्राम बेहरी में इन अधिकारीयो की मिली भगत होने के कारण केवल उन लोगों को योजना का लाभ दिया जा रहा है, जो इन सभी अधिकारीयों से किसी ना किसी प्रकार से रिश्वत देकर या अनैतिक लाभ से जुड़े हुए है और वे किसी भी प्रकार से कोई भी योजना का लाभ प्राप्त करने के अधिकारी ही नही है। जो सक्षम है। तथा जिनके पास अत्यधिकं भूमि, पक्के मकान व अन्य साधन से परिपूर्ण है उन्ही लोगों को आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है।

पंचायत में जातिगत भेदभाव के चलते हम में से अधिकतर लोगों के नाम योजना की सूची में ही सम्मिलित नही किए गए है, जिसके चलते हमारे साथ भेद-भाव व धोखाधड़ी हो रही है। पात्र हितग्रहियों को किसी भी योजना या आवास योजना का लाभ क्यो नही मिल पा रहा है, इसकी जांच होनी चाहिए। हमारा प्रशासन से निवेदन हैं कि जांच कमेटी गठित कर जांच की जाए व हमारे साथ हो रही धोखाधड़ी का पता लगाया जाए व दोषियों को पकड़ा जाए और उन दोषियों की शासकीय सेवा समाप्त की जाए। हम सभी प्रार्थीगण को शासन की योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में नाम सम्मिलित कर आवास योजना का लाभ दिलाया जाए। इन सभी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया है। ज्ञापन में शैलेष पिता सालगराम, बद्री पिता नारायण ने बताया कि जनपद पंचायत बागली में भी शिकायत की गई लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस दौरान रामप्रसाद पिता बद्री, मांगीलाल पिता धुलजी,जयराम पिता बुद्धाजी आदि उपस्थित रहे।

# जमीन का सही मुआवजा नहीं मिला किसान परेशान

### किसानों ने रेलवे ठेकेदार का लौटाया



**चापड़ा।** किसानों के पास पहुंचे थे रेलवे के अधिकारी।

### हल्का नम्बर 105 में रेलवे के लिए पुल बनाया गया है। नाराज किसानों ने रेलवे ठेकेदार को बिना काम के ही लौटा दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

क्षेत्र में इंदौर बुधनी रेलवे लाइन का निर्माण कार्य चल रहा है। जमीन का मुआवजा कम मिलने से नाराज किसानों ने रेलवे ठेकेदार को बिना काम के ही लौटा दिया। किसानों ने पूर्व में अपने अपने स्तर पर प्रशासन एवं शासन में बेठे जिम्मेदारो को अवगत कराया था। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ।ग्राम अमरपुरा अंतर्गत रेलवे निर्माण के लिए किसानों कि कृषि भूमि अधिग्रहित की है।

लेकिन राजस्व विभाग की लापरवाही का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। जानकारी अनुसार अमरपुरा के हल्का नम्बर 101,105 से रेलवे लाइन निकल रही है, जिसके कारण किसानों की कृषि भूमि का अधिग्रहण किया गया। हल्का नम्बर 105 में रेलवे के लिए पुल बनाया गया है। जिस किसान कि भुमि ली गई है ,उन किसानों को सही मुआवजा नहीं मिला है। इसी के कारण किसानों में आक्रोश है।शुक्रवार शाम 5 बजे रेलवे लाइन निर्माण कार्य के लिए ठेकेदार 6 जेसीबी मशीने लेकर पहुँचा और किसान के खेत में खुदाई करने लगा, लेकिन जेसे ही इस की जानकारी किसानों को मिली तो बड़ी संख्या में किसान मौके पर पहुंचे और काम बंद करवा दिया।किसान किशोर तोलाराम यादव, गणेश संतोष यादव, मांगीलाल पिता रामचंद्र राठौर ने बताया कि राजस्व विभाग की लापरवाही के कारण आज हमें परेशान होना पड़ रहा है। किसानों ने बताया की अधिग्रहित की गई कृषि भूमि का सही मुआवजा नहीं मिला है।

किसान रामू जाट ने बताया कि उसकी 10 बिघा भूमि ली गई है, लेकिन राशि 8 बीघा के हिसाब से ही दी गई है। किसानों का यह भी आरोप है कि अन्य राज्यों में चार गुना मुआवजा राशि दी जाती है, लेकिन हमें दो गुना ही दी जा रही है। जो बाजार भाव से काफी कम है। किसानों के विरोध के बाद तहसीलदार नीरज प्रजापत मौके पर पहुंचे और किसानों से मिलकर इस विषय में चर्चा की।

जिसमे राजस्व नक्शे में त्रुटि होने कि बात सामने आई है। किसानों का कहना है कि जब तक उनकी समस्या हल नहीं होगी वह काम नहीं करने देंगे। तहसीलदार ने मौके पर ही मौका भूमि के कागज, नक्शा बुलाया ओर किसानों के सामने ही देखा, जिसमें त्रुटियां सामने आई। किसानों के विरोध के बाद ठेकेदार अपनी मशीनें लेकर वापस लौट गया।

**समस्या का होगा हल**

किसानों ने अपनी समस्या बताई है, जिसमें नक्शे में त्रुटि, मुआवजा राशि व मौका कब्जे को लेकर समस्या सामने है,दो दिनों में समस्या को हल कर दिया जाएगा।

**नीरज प्रजापत,** तहसीलदार बागली

## जिले में अभियान के तहत करोड़ों लीटर वर्षा का जल सहेजा

**देवास।** वर्षा जल के संचय के लिए जिले में अमृत संचय अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तथा जिले के सभी विकासखंडों में विभिन्न जल स्त्रोतों पर जन सहयोग से बोरी बंधान का निर्माण किया जा रहा है। अभियान में सभी की सहभागिता से करोड़ों लीटर बारिश का जल सहेजा गया। जिले के नागरिकगण भी पानी को सहेजने के लिए इस महत्ती अभियान से जुड़ रहे हैं तथा अपनी स्वेच्छा से अपनी घरों की छत पर रूफ वाटर हॉर्वेस्टिंग सिस्टम को लगा रहे हैं। अभियान के तहत जिले की जनपद पंचायत बागली की ग्राम पंचायत चांसिया सहित अन्य ग्राम पंचायतों में तथा टोंकखुर्द की ग्राम पंचायत गोरवा सहित अन्य ग्राम पंचायतों में बहते नाले पर जन सहयोग से बोरीबंधान का कार्य किया गया। जिले के सभी नागरिक बोरी बंधान अभियान से जुड़कर पानी का संचय करने में सहभागिता करें।

## मीना बाजार में हुआ खेलकूद स्पर्धाओं का शुभारंभ



**देवास।** नगर निगम देवास द्वारा आयोजित 88 वी दशहरा कृषिकला एंव औद्योगिक प्रदर्शनी मीना बाजार के अंतर्गत खेलकुद स्पर्धाओं को आयोजित किया जा रहा है। आयोजित की जा रही खेलकूद स्पर्धाओं का शुभारंभ विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा खेलकूद समिति अध्यक्ष अजय तोमर, पार्षद भुपेश ठाकुर, पार्षद प्रतिनिधी प्रवीण वर्मा, निलेश वर्मा के साथ कुशाभाउ ठाकरे स्टेडियम में सैकडों खिलाडियों एवं खेल प्रशिक्षक की उपस्थिति में किया गया। समिति अध्यक्ष अजय तोमर ने बताया कि आयोजित खेलकूद स्पर्धाओं में ऐथेलेटिक्स 100 मी, 200 मी, 400 मी, 800 मी, 1500 मीटर, गोला फेंक, चक्का फेक (ओपन), बैटमिटंन सॉफ्टबॉल, बास्केटबॉल, थ्रोबाल, वॉलीवॉल, तैराकी, कराटे, हैंण्डबॉल, जम्प रोप, कैरम (अंडर 19 एवं ओपन), शतरंज (अंडर 19 एवं ओपन),क्रॉस कन्ट्री, रग्बी, मिनी गोल्फ, खो खो, सॉफ्ट टेनिस, स्केटिगं, पिटु आदि स्पर्धाएं आयोजित हुई।

# उज्जैन संभागीय श्रमिक खेल कूद प्रतियोगिता सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मध्यप्रदेश श्रम कल्याण मण्डल, भोपाल द्वारा श्रमिको कि खेल कूद प्रतियोगिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम देवास में उज्जैन संभागीय श्रमिक खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग के कारखानों / स्थापनाओं में कार्यरत 750 श्रमिक खिलाडियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाडियों को राज्य स्तरीय श्रमिक खेल कूद प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

मण्डल के कल्याण क्षेत्रीय अधिकारी एल.एन. पाटीदार ने बताया कि टीम गेम्स महिला कबड्डी में विजेता किर्लोस्कर ब्रदर्स लि . देवास , उपविजेता टाटा इंटरनेशनल लि . देवास , पुरुष कबड्डी में विजेता सन फार्मा देवास , उपविजेता ग्रेसिम एसएफडी नागदा , रस्सा कसी में महिला विजेता विप्पी स्पिन प्रो . प्रा . लि . देवास , उपविजेता टाटा इंटरनेशनल देवास , रस्सा कशी पुरुष में विजेता नविन फ्लोरिन देवास , वालीबाल प्रतियोगिता पुरुष विजेता ग्रेसिम एसएफडी नागदा , उपविजेता ग्रेसिम केमिकल नागदा रहा। मण्डल के कल्याण क्षेत्रीय अधिकारी एल.एन. पाटीदार ने बताया कि उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि विपिन यादव कारखाना प्रबंधक ग्रेवियल लिमिटेड देवास, अध्यक्षता हितेश कवर हेड ऑपरेशनल बेअरलोचर इंडिया प्रा.लि. देवास , विशिष्ट अतिथि कुंदन दुबे जनरल मेनेजर विप्पी इंडस्ट्रीज लिमिटेड देवास रंजीत चंद्रन फैक्ट्री मेनेजर टाटा इंटरनेशनल अतिथि में संपन्न हुआ। सांय 6 बजे आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, अध्यक्षता प्रदीप तिवारी कारखाना प्रबंधक किर्लोस्कर ब्रदर्स लि देवास विशिष्ट अतिथि विनोद कुमार मिश्रा सहायक उपाध्यक्ष उद्योगिक सम्बन्ध ग्रेसिम इंडस्ट्रीज लि.नागदा जिला उज्जैन, रोका बाथरूम प्रोडक्ट्स प्रालि देवास रामभान, लोकेश विजयवर्गीय भवन सहनिर्माण कर्मकार मण्डल भोपाल जनजय गायकवाड जिला अध्यक्ष मजदुर संघ चन्द्र प्रकाश आवतानी डायरेक्टर म.प्र. श्रम कल्याण मंडल भोपाल, सन फार्मा एच आर हेड सुरेन्द्र तरुण, कारखाना प्रबंधक पंकज जैन देवास द्वारा स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र एवं पुरुस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अधिकारी एल . एन . पाटीदार, महेंद्र सिंह यादव कल्याण सहायक, शिवशरण यादव, मोहर सिंह जाटव, राकेश वाघेला उपस्थित थे। संचालन सत्यप्रकाश पांडे द्वारा किया गया।

# 21 दिन बाद भी अधीक्षक के खिलाफ नहीं हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

बीते दिन बागली मुख्यालय पर स्थित उत्कृष्ट अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में छात्रों की सुरक्षा से जुड़ा एक मामला सामने आया था, जिसमें छात्रावास अधीक्षक की लापरवाही सामने आई थी। उक्त मामले को लेकर 28 सितंबर को खबर प्रकाशित कर जिम्मेदारों को अवगत कराया गया था, लेकिन आज 21 दिन बीत जाने के बाद भी इस मामले में किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई है।

**यह है मामला**

उक्त छात्रावास के अधीक्षक की गैरमौजूदगी में छात्रावास के बच्चे रात्रि में छात्रावास से बाहर घुम रहे थे, जो की नियम अनुसार ग़लत है।इस दौरान छात्रावास अधीक्षक गैरमौजूद थे।इस मामले का विडियो भी सामने आया है, जिसमें हाथो में डंडे लेकर छात्र बाहर घुम रहे हैं।इस पुरे मामले को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया था लेकिन आज तक कार्यवाही नहीं हो पाई है।बताया जा रहा है कि उक्त अधीक्षक लंबे समय से यहां पर पदस्थ हैं, लेकिन प्रभावशाली लोगों के संरक्षण के चलते कार्यवाही नहीं हो रही है। पुर्व में भी इस छात्रावास के बच्चों व्दारा चावल बेचने का मामला सामने आया था। उसमें भी कार्यवाही नहीं हुई थी।

**इनका कहना है**

मामले की जांच की गई है लेकिन जांच रिपोर्ट मेरे पास नहीं आई है, जांच रिपोर्ट आते ही नियम अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

**सपना खर्ते,** जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग देवास

### कलेक्टर गुप्ता ने बागली विकासखंड की ग्राम पंचायतों का किया निरीक्षण

# ग्राम पंचायत में चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्या





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बागली विकासखंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया।ग्राम चौपाल लगाकर समस्या सुनी और अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत हाथीगुराडिया में निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि ई - संजीवनी की योजना का लाभ अधिक से अधिक नागरिकों मिले इसके लिए योजना अधिक से अधिक प्रचार - प्रसार करें। बडियामाण्डू सोसायटी से किसानों कम मात्रा में खाद प्रदाय किए जाने की शिकायत पर , संबंधित विभाग को जांच के निर्देश दिए ।

निरीक्षण के दौरान बताया गया कि ग्राम पंचायत देवगढ़ की इन्द्रा कॉलोनी में विद्युत कनेक्शन नहीं होने से पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। जिसपर तहसीलदार हाटपिपल्या को जांच करने के निर्देश दिए गए। गुप्ता ने अमृत संचय अभियान के तहत ग्राम में कम से कम 50 निजी घरों में रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग लगवाने के निर्देश सरपंच ग्राम पंचायत देवगढ़ को निर्देश दिए । कलेक्टर ने कहा कि ऐसे सरपंच जो ग्राम में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग के लक्ष्य को 26 जनवरी 2025 के पूर्व पूर्ण कर लेते है तो अमृत संचय अभियान के तहत 26 जनवरी 2025 को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा ।

प्रधानमंत्री सडक के सोल्डर पर दोनो किनारों पर तार लगाकर किसानों के द्वारा जो अतिक्रमण किया गया है , तहसीलदार उसे हटाने की कार्यवाही करें। पंचायत देवगढ़ से देवास रोड पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनाए गए रोड पर बने ब्रिज की दिवार की हाईट अधिक है जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। दिवार की हाईट को कम करने की कार्यवाही करने के लिए सेतू निगम को निर्देश दिए गए। पंचायत बडियामाण्डू में एकीकृत शाला का निरीक्षण कर एकीकृत शाला के प्राचार्य को उत्कृष्ट कार्य के लिए 26 जनवरी 2025 को प्रशस्ति पत्र दिए जाने के निर्देश दिए गए।

शाला परिसर में 2 अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए शिक्षा विभाग को प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। शाला परिसर में पुराने जर्जर भवन है तोड़ने की कार्यवाही किये के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग को निर्देश दिए। शाला के प्रवेश द्वारा पर बने निजी मकान की भूमि की जांच के निर्देश एसडीएम बागली को दिए। नानूखेडी में निरीक्षण के दौरान किसानों द्वारा बताया गया कि खाद की समस्या है। टप्पासुक्ल्या सोसायटी से खाद मिलने में समस्या होती है। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि ग्राम नानूखेडा में खेतों पर जाने का 100 परिवारों का प्राचीन रास्ता है । रास्ते पर 200 फिट के हिस्से में निजी भूमि मालिक द्वारा ग्राम पंचायत को मूरम नही डालने दिया जा रहा है।

ग्राम के शमशान घाट के रास्ते पर दोनो तरफ लगाई गई बागड़ को हटाने के निर्देश तहसीलदार हाटपिपल्या को पंचायत द्वारा हटाने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत खोकरिया में निरीक्षण के दौरान किसानों ने खाद की समस्या बताई जिसपर कलेक्टर गुप्ता ने खाद वितरण की जांच किए जाने के निर्देश दिए। ग्राम खोकरिया में महू नदी के उकाला घाट पर स्टॉप डेम निर्माण की मांग ग्रामीणों द्वारा की गई। डब्ल्यूआरडी से सर्वे कराकर उचित कार्यवाही करना का कहा। ग्राम पंचायत आमलाताज में आंगनवाडी क्रमांक 01 की कार्यकर्ता द्वारा सैम और मैम बच्चो को गोद देने की कार्यवाही नही की गई । संबंधित कार्यकर्ता को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए।

# 5 दिवसीय शरद उत्सव विसर्जन के साथ समाप्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

ग्राम छतरपुरा में सामूहिक रूप से श्रीराम मंदिर में प्राचीन परंपरा का निर्वाह करते हुए,पांच दिवसीय शरद उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान ज्योत प्रज्वलित कर पांच दिनों तक मां अंबिका की आराधना की गई।

प्रतिदिन रात्रि में पूजन कर मां की आरती के साथ ही गरबा किया गया। शुक्रवार को विसर्जन के अवसर पर भव्य चल समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं महिलाए सम्मिलित हुए। चल समारोह में सिर पर ज्योत की मटकियां रखकर चल रहे थे। भजनों पर झुमते नाचते हुए कालिसिंध नदी के घाट पर पहुंचे जहां पंडित व्दारा ज्योत का पूजन कर विसर्जन किया गया।

इस अवसर पर सामूहिक रूप से भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ग्रामीणों का सहयोग रहा। छतरपुरा में शितला माता मंदिर निर्माण के लिए भी ग्रामीणों ने राशि एकत्रित की, जिसमें एक लाख रुपये एकत्रित हुए। चल समारोह में जटाशंकर के संत बद्रीदास महाराज भी सम्मिलित हुए।

**खबर संक्षेप**

### वाल्मीकि जयंती व शरद पूर्णिमा मनाई

**सीहोर।** स्थानीय रैंबो प्ले स्कूल के सभागार में अखिल भारतीय साहित्य परिषद के बैनर तले शरद पूर्णिमा महोत्सव एवं वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर विचार एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज के डॉ. मनोहर घावरी जी जो गौ सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं । का सम्मान अंग वस्त्र ओढ़ाकर कर एवं श्रीफल भेंट कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्जन साहित्य परिषद के जिला अध्यक्ष विनोद पंसारी ने की। मुख्य अतिथि बृजमोहन सोनी पूर्व अध्यक्ष हिंदु उत्सव समिति जिला सीहोर रहे। विशेष अतिथि गीतकार हरिओम शर्मा, हीरालाल जायसवाल एवं जितेंद्र नारोलिया जिला को रक्षा प्रमुख रहे ।सरस्वती वंदना युवा कवि गोविंद लोवानिया ने प्रस्तुत की । कार्यक्रम का सफल संचालन संदीप मेवाडा ने किया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सीहोर के शिक्षक जगदीश दुबे ने वाल्मीकि जी के जीवन पर प्रकाश डाला। अतिथियों का स्वागत लक्ष्मण सिंह चौकसे,डॉ. विजेंद्र जायसवाल, गोविंद लोवानिया, आदित्य हरी गुप्ता ने पुष्पमाला पहनाकर किया। इस अवसर पर काव्य पाठ करने वाले कवियों में रामनारायण राठौर ,हरिओम शर्मा ,डॉ.बीपी शर्मा, हरिश्चंद्र आर्य ,हीरालाल जायसवाल, जोरावर सिंह उपस्थित रहे ।

### नगर में किला मंदिर प्रांगण से शुरू हुई शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत, मिठाई बांटकर मनाई खुशियां

# आचार्य विद्यासागर महाराज और नवाचार्य समय सागर महाराज के अवतरण दिवस पर निकाली गई प्रभावना यात्रा

### विद्यासागर महाराज की चर्या में चतुर्थ कालीन मुनि चर्या के दर्शन होते हैं : मुनि निष्कंप सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





तीन दिवसीय शरद पूर्णिमा महामहोत्सव के अन्तर्गत गुरुवार सुबह से ही किला मंदिर प्रांगण गुरु भक्तों से खचाखच भरा गया था ।प्रातः काल शुभ बेला में आचार्य विद्यासागर महाराज की संगीतमय महामांगलिक पूजन की गई व मुनि संघ के श्रीमुख से विशेष व्याख्यान हुए । दोपहर में नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए प्रभावना शोभायात्रा निकाली गए व नगर में मिठाई वितरण कर नगर वासियों को आचार्य भगवंतों के अवतरण दिवस व शरद पूर्णिमा पर्व की बधाई दी गई।

आचार्य भगवंत विद्यासागर महाराज एवं नवाचार्य समय सागर महाराज के अवतरण दिवस पर मुनिश्री निष्पक्ष सागर महाराज, मुनिश्री निष्कम्प सागर महाराज एवं मुनिश्री निष्काम सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहा कि आपकी योग्यता और प्रखर प्रतिभा ने आपके गुरु ज्ञान सागर महाराज को इतना अधिक प्रभावित किया कि उन्होंने आपको सीधी मुनि दीक्षा देने का निश्चय किया। आपसे पहले कोई भी युवा अवस्था में सीधी मुनि दीक्षा नहीं ली। पारखी ज्ञानसागर महाराज ने अपने ज्योतिष निमित्त ज्ञान से समझ गए कि यही वह देदिव्यमान नक्षत्र है जो श्रमण धर्म संस्कृति को सुरक्षित व जीवित करेगा। भगवान महावीर स्वामी, कुंद-कुंद के मार्ग को सुरक्षित करेगा।

#### कठोर साधना, तप का जीवन

मुनिश्री निष्कम्प सागर महाराज ने कहा आचार्य भगवंत विद्यासागर महाराज की चर्या में चतुर्थ कालीन मुनि चर्या के दर्शन होते हैं। पंचम काल का प्रभाव भी, आपकी कठोर तप चर्या पर कोई प्रभाव नहीं डाल सका। पंचम काल में आश्चर्य करने वाली तप, त्याग, संयम और कठिन साधना से भरी आपकी दुर्लभ जीवन चर्या,आभा मंडल सभी को अपनी ओर आकर्षित करता है। सभी धर्म के लोग, विदेशी लोग भी आपका आशीर्वाद प्राप्त कर धन्य मानते हैं। आपने साहित्य और कृतियां थी। हिंदी में 525 ग्रंथों का पद अनुवाद किया कई संस्कृत भाषा की रचना की । आपके द्वारा रचित सर्वाधिक चर्चित और प्रसिद्ध मूकमाटी महाकाव्य ने साहित्य जगत में धूम मचा दी। अनेक विद्वानों ने मूकमाटी महाकाव्य पर डी लीट, एम फिल शोध प्रबंध रिसर्च पेपर लिख चुके हैं।

#### जनकल्याणकारी व देश के काम

आपने जहां एक और अपनी आत्मा के कल्याण के लिए युवावस्था में संयम पद पर अपने कदम बढ़ा दिए पर कल्याण की भावना से अन्य भव्य जनों को भी मोक्ष मार्ग के पथ पर अग्रसर किया। आप ऐसे युग दृष्टा, महापुरुष, संस्कृति के रक्षक,राष्ट्रप्रेमी, राष्ट्र चिंतक महान संत थे। आपने धर्म के साथ देश के लिए भी सराहनीय भूमिका रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी आपकी समाधि पर कहा था कि इस देश को मार्गदर्शन करने वाला चला गया, में अब किससे मार्गदर्शन लूंगा। प्रतिभा स्थली को आचार्य भगवंत विद्यासागर महाराज ने उच्च संस्कार और शिक्षा के लिए पुरानी गुरुकुल पद्धति प्रतिभा स्थली की स्थापना कई जगह की। जहां पर काफी पढ़ी लिखी बहने बच्चियों को भारतीय संस्कारों के साथ उच्च शिक्षा प्रदान कर रही है। इसी प्रकार हाथकरधा को बढ़ावा दिया। गांधी की भावना को साकार करते हुए जनकल्याण के लिए हाथकरधा, चलचरखा,अपनापन जैसे अनेक कार्यों की प्रेरणा व आशीर्वाद दिया। जिन लोगों के बारे में कोई नहीं सोचता, जिन्होंने अपराध किया उन सभी के कल्याण हेतु तिहाड़ जेल, सागर, मुरादाबाद आदि स्थानों की जेल में हाथकरधा प्रारंभ किया। जैन संस्कृति की रक्षा के प्रयास आपने किए।पाषाण के बने जिनालय भविष्य में अधिक समय तक सुरक्षित रहेंगे।

इसी उद्देश्य से अनेक जगह पाषाण के जिनालय का निर्माण कराया। प्राचीन परंपरा को पुर्नजीवित किया।कई जगह नये तीर्थो की स्थापना की। अनेक प्राचीन जिनालय क्षेत्रों का जिर्णोद्धार कराया। भाग्योदय तीर्थ सागर में स्थापना की। वहां के अस्पताल में हजारों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। जिनशासन की शान आचार्य भगवंत विद्यासागर महाराज थे। मुनिश्री निष्काम सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहा कि जो व्यक्ति समय को नहीं समझता समय उसके साथ नहीं रहता है।इस धरती पर एक महापुरुष ने जन्म लिया और दूसरे महापुरुष समय सागर महाराज ने भी शरद पूर्णिमा पर जन्म लिया। पूरी दुनिया नाम,पद आदि के लिए लालायित रहती है। लेकिन आप दोनों ने पद और नाम को महत्व नहीं दिया। दो-दो शरद पूर्णिमा के चंद्र ने गुरु पूर्णिमा पर जन्म लिया था। मुनिश्री निष्पक्ष सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहा कि नगर में धर्म प्रभावना के निमित्त से शोभायात्रा निकालकर संदेश दिया कि आज के दिन दो विभूतियों ने जन्म लेकर हमारे मार्ग को प्रदर्शित किया।

## यूरिया नहीं मिलने से लौट रहे किसान बोले- फिर खाद लेने आना पड़ेगा



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सीहोर जिले की ग्राम पंचायत बफापुर मुगली में किसानों को यूरिया नहीं मिल रहा है। सोसाइटी से अभी किसानों डीएपी और रखौदिया खाद ही दिया जा रहा है। यूरिया लेने आए किसान मायूस होकर लौट रहे हैं जबकि किसानों के सामने ही गोडाउन में यूरिया का स्टॉक हो रहा है।

सोसायटी के अधिकारी के मुताबिक यूरिया के लिए कोड आएगा मशीन द्वारा ही हर किसान को खाद वितरण किया जाएगा। एक किसान को एक एकड़ के ऊपर दो बोरी यूरिया ही दिया जाएगा। इससे अधिक नहीं दिया जाएगा।किसान मेहरबान सिंह का कहना है कि में एक एकड़ पर चार बोरी रखौदिया की और एक बोरी डी,ए,पी की लेकर जा रहा हूं।

#### दो बार में लेकर जाएंगे खाद

यूरिया की गाड़ी खाली हो रही हैं लेकिन सुपरवाइजर द्वारा बताया गया कि अभी यूरीया नहीं बांट रहे हैं। जब तक आगे से मशीन के कोड नहीं आएंगे यूरिया नहीं बटेगा। यूरिया की बोरी मशीन द्वारा ही हर किसान को दी जाएगी।अब हर किसान को दो बार खाद लेना आना होगा क्योंकि एक साथ यूरिया और डीएपी नहीं मिल रहा है। अभी सिर्फ डीएपी और राखोडिया खाद ही मिल रहा है यूरिया आठ दिन बाद बटेगा फिर किसानों को आना होगा।



### अतरालिया क्षेत्र फसल की तैयारी में जुटे किसान, रबी की फसल के लिए बक्खरनी का काम शुरू, जल्द की जाएगी बोवनी



**आष्टा।** जनपद पंचायत आष्टा के ग्राम पंचायत अतरालिया जावर और आसपास के क्षेत्र में किसान रबी की फसल की तैयारी में लगे हुए हैं। किसानों का कहना है कि अभी मिट्टी में पर्याप्त मात्रा में नमी है। जो बक्खर के लिए बढ़िया है। किसानों के मुताबिक अच्छे बक्खर से बोवनी में मदद मिलती है। कुछ दिन पहले हुई बारिश की वजह से वह अभी तक खेतों में जुताई का काम नहीं कर पाए हैं। इससे कि वह बारिश की वजह से रबी की फसल की बुवाई करने में लेट हो रहे हैं ।

## मुख्य रोड संकरी, वाहन खड़े होने से बार-बार लग रहा जाम

**दोराहा में नया बस स्टैंड बनाने की मांग**



हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा

सीहोर जिले की जनपद पंचायत सीहोर के दोराहा में मुख्य बाजार से गुजरते समय लोगों को आवागमन में परेशानी आ रही है। मुख्य मार्ग पर बस खड़ी होने और सड़क न होने की वजह से यहां पर जाम की स्थिति रहती है। लोगों को जाम में काफी समय तक इंतजार करना पड़ता है। लोग सड़क चौड़ीकरण और नए बस स्टैंड बनाने की मांग कर रहे हैं।

दरअसल लोगों ने बताया कि बस स्टैंड पर व बाजार में अनावश्यक रूप से चार पहिया वाहन और मोटरसाइकिल खड़े रहते हैं। रोड संकरी होने की वजह से भी यहां पर जाम की स्थिति बनी रहती है। इस वजह से कई लोग मुख्य बाजार में न आकर बाईपास से ही निकल जाते हैं।

#### बस स्टैंड की समस्या

लोगों ने बताया कि दोराहा की जो बस स्टैंड है, वह सिर्फ नाम की बस स्टैंड है उस पर एक बस खड़े होने की भी जगह नहीं है। वहीं दोराहा में बस स्टैंड न होने की वजह से बस रोड पर खड़ी हो जाती है। यात्रियों को उतारते समय सड़क पर जाम की स्थिति रहती है। उस पर कोई सुविधा नहीं है। ताकि आरामदायक तरीके से यात्री उतर सके कई बार यात्रियों को उतारते समय अनहोनी होने की संभावना बनी रहती है।

#### सड़क चौड़ीकरण और नई बस स्टैंड बनाने की मांग

ग्राम के राजा मैया डिक्स वाले ने बताया कि दोराहा बड़े पुल से मुख्य बाजार होते हुए अस्पताल तक ट्रैफिक की समस्या रहती है। बस स्टैंड पर व्यवस्था न होने से यात्री एवं अवागमन वालों को निकलने में परेशानी होती है। दोराहा के चिरोंजी लाल यादव का कहना है कि जाम की वजह से कई बार एक्सीडेंट भी हो चुके हैं। उन्होंने सड़क चौड़ीकरण और नई बस स्टैंड बनाने की मांग की है।

वहीं ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि कलीम पठान ने कहा कि दोराहा में ट्रैफिक की वास्तविक समस्या है। जाम लगने से कई बार राहगीरो को घंटो इंतजार करना पड़ता है। दोराहा में रोड का चौड़ीकारण होने से होगी सुविधा। न्यू बस स्टैंड बनना चाहिए। ताकि यात्रियों को आसानी हो सके।

## राजश्री महाविद्यालय में महेश ठाकुर असिस्टेंट प्रोफेसर का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



राजश्री कॉलेज ऑफ़ प्रोफेशनल स्टडीज आष्टा में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया जिसमें असिस्टेंट प्रोफेसर महेश ठाकुर का स्वच्छता निरीक्षक पद पर चयनित हुए उनका स्वागत किया गया।

राजश्री महाविद्यालय संचालक द्वारा पूर्व असिस्टेंट प्रोफेसर महेश ठाकुर जिन्होंने राजश्री महाविद्यालय में विगत कई वर्षों तक अपनी सेवाएं दी का स्वागत पुष्पमाला व साफा बांधकर किया गया। जिन्होंने महाविद्यालय में अपनी सेवाएं देते हुए मेहनत और लगन से पढ़ाई कर स्वच्छता निरीक्षक पद के लिए चयनित हुए हैं। महेश ठाकुर का चयन होने पर महाविद्यालय स्टाफएपालक व विद्यार्थियों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। बधाई देने वालो में प्रमुख रूप से महाविद्यालय संचालक बीएस परमारए प्रभारी प्राचार्य अर्जुन परमार, मीडिया प्रभारी मनोज कमलोदिया, राहुल सेन, प्रहलाद मेवाड़ा, सविता बैरागी, रामवती मेवाड़ा, पुष्पा मेवाड़ा, द्वारका प्रसाद करमोदिया, पूजा मेवाड़ा, भैया लाल वर्मा, पूजा परमार, अखिलेश सक्सेना, माया मेवाड़ाए, रविंद्र प्रजापति, ममता तिवारी, कविता भूतिया, हिमांशी झवर, पवन जाट, रंजना परमार, बहादुर सिंह, रवि मेवाड़ा, अरविंद यादव, रीना यादव व शिवराम परमार उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर कुरावर में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**जावर।** ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला सीहोर द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर कुरावर में शासकीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर कुरावर द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया जिसमें डॉ.बबीता वर्मा एवं कंपाउंडर राकेश भूरिया द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं विद्यालय के सभी भैया बहनों का वजन कर निःशुल्क दवाई प्रदान की गई स्वच्छता पर भी मार्गदर्शन दिया गया, इस अवसर पर विद्यालय परिवार से प्रधानाचार्य धीरजसिंह ठाकुर एवं आचार्य जीवनसिंह पवार उपस्थित रहे।

### 500 वर्ष पुराना है मंदिर, भक्तों की मन्नत होती है पूरी

# शीतला माता मंदिर पहाड़ी पर हुई महाआरती



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

श्री शीतला माता मंदिर पहाड़ी पर महाआरती का आयोजन किया गया 151 दिप जलाकर महाआरती का शुभारंभ किया गया सैकड़ो की संख्या में भक्तजन आरती में शामिल हुए ढोल नगाड़ों के साथ महा आरती संपन्न हुई कजलास पहाड़ी पर स्थित शीतला माता मंदिर में शरद पूर्णिमा पर महाआरती हुई महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए ग्राम बमुलिया रायमल के रूप सिंह ठाकुर भाई ने बताया कि पहाड़ी पर स्थित यह शीतला माता मंदिर 500 वर्ष पुराना है दुर दुर से भक्त यह माता के दर्शन करने आते हैं जो भी व्यक्ति मन्नत मांगता है उसकी मन्नत पूरी होती है सप्त गांव के लोग मिलकर मंदिर समिति चलाते हैं जिसमें लगभग 100 सदस्य सम्मिलित हैं ।



## अखंड ज्योति कार्यक्रम का समापन



**खाचरोद।** ग्राम खाचरोद में स्थित 200 वर्ष पुराने प्राचीन मां अंबे के मंदिर में नवरात्रि के प्रथम दिन से चल रहा अखंड ज्योति के कार्यक्रम का शुक्रवार को गरबा विसर्जन के साथ समापन हो गया पिछले 15 दिनों से मां अंबे के दरबार में हवन पूजन तुलादान व महाआरती का कार्यक्रम चल रहा था जहां आसपास ग्रामीण क्षेत्र के धर्म प्रेमी बंधुओं ने अपनी मन्नत पूरी होने पर माता के मंदिर में आकर अपने बच्चों का तुलादान किया व मां अंबे से आशीर्वाद लिया ग्राम वासियों ने हवन पूजन महा आरती कन्या भोज भंडारे का आयोजन किया जहां समस्त ग्राम वासियों ने प्रसादी ग्रहण की शुक्रवार को गरबा विसर्जन के साथ मां अंबे की ज्योति का जुलूस ग्राम के मुख्य मार्गो से होता हुआ। ग्राम में स्थित तालाब पर पहुंचा जहां महा आरती के बाद ज्योति का विसर्जन किया गया। इस मौके पर पंडित दिनेश शर्मा, राजेश जोशी, मांगीलाल पटेल, पवन ठाकुर, देवेंद्र ठाकुर, गोलू ठाकुर, वीरेन ठाकुर, हरेंद्र ठाकुर, अर्जुन ठाकुर, लखन ठाकुर, सोनू राजपूत, अर्पित भाटी, हेमंत ठाकुर, हरिओम ठाकुर, टिंकू ठाकुर, सुशील विश्वकर्मा, राजकुमार भाटी, गोपाल ठाकुर व नवदुर्गा समिति के सभी सदस्य व ग्रामवासी उपस्थित थे।


### जिला अस्पताल की सीटी स्कैन ने जिस मरीज को बताया कैंसर, झालावाड़ की रिपोर्ट में आया नॉर्मल

# एक दिन में ही कैंसर हुआ काफूर! जिला अस्पताल और निजी सीटी स्कैन रिपोर्ट संदेह के घेरे में

## वास्को हेल्थकेयर की पूर्व में भी गलत रिपोर्ट जारी करने की मिल चुकी है शिकायत, सिविल सर्जन के आदेश के बाद भी धड़ल्ले से हो रही है सीटी स्कैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

एक मरीज की एक ही तरह की जांच रिपोर्ट का दो सीटी स्कैन सेंटर पर अलग अलग आना हर किसी को अचंभित करने के लिए काफी है और यदि मामला जिला अस्पताल से जुड़ा हुआ हो तो चिंताजनक भी। जी हां जिला अस्पताल राजगढ़ में निजी फर्म वास्कों हेल्थ केयर एवं सीटी स्कैन सेंटर द्वारा जीरापुर के पास के गांव ग्वाडी के रहने वाले वीरम सिंह की पेट की सीटी स्कैन में कैंसर का होना बताया गया और उसे उसी जांच के आधार पर दवाईयां भी शुरू करवा दी गईं। लेकिन जब पीड़ित ने झालावाड़ जाकर अपनी सीटी स्कैन करवाई तो वहां पर उसके पेट की रिपोर्ट नॉर्मल आई उसमें कैंसर के लक्षण नहीं पाए गए। ऐसे में पीड़ित और उसका परिवार मानसिक रूप से परेशान हो रहा है उसे समझ ही नही आ रहा की किस सीटी स्कैन सेंटर की रिपोर्ट को सच माना जाए। वहीं सिविल सर्जन द्वारा पिछले महीने ही डॉक्टर्स को आदेश जारी करते हुए बहुत आवश्यक होने पर ही सीटी स्कैन करवाने की बात कही गई थी। परंतु डॉक्टर्स ने सिविल सर्जन के आदेश को हवा में उड़ाते हुए अपनी मनमानी का परिचय दिया। जिस पर सिविल सर्जन ने चुप्पी साधी हुई है।




### 6 महीने में ही कर दी दो बार सीटी स्कैन

पीड़ित वीरम सिंह ने बताया कि पिछले 6 महीनों में 2 बार जिला अस्पताल में ही सीटी स्कैन हो चुकी है। एक्सपर्ट का मानना है कि एक सीटी स्कैन में 100 एक्स-रे के बराबर रेडिएशन का खतरा रहता है। ऐसे में यदि किसी मरीज की 6 महीने में 2 बार सीटी स्कैन करवाना डॉक्टर की मंशा पर भी प्रश्नचिन्ह लगाता है। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो राजगढ़ जिला अस्पताल के डॉक्टर्स वास्कों सीटी स्कैन को अतिरिक्त लाभ पहुंचाने में लगे हुए हैं। उल्लेखनीय है की यदि जिला अस्पताल के सोनोग्राफी का पिछले महीनों का रिकॉर्ड खंगाला जाए तो आंकडा 1000 से 1200 औसतन निकलेगा। जो सीटी स्कैन मशीन की लोन की किश्त के साथ डॉक्टर्स के खर्चे भी निकालने में मददगार होता है।

### राजगढ़ की वास्को एवं झालावाड़ की अन्नपूर्णा सीटी स्कैन की रिपोर्ट एक दम उलट

*राजगढ़ जिला अस्पताल में संचालित वास्को सीटी स्कैन द्वारा 15 अक्टूबर 24 को वीरम सिंह की पेट की सीटी स्कैन जारी करते हुए कैंसर होने की पुष्टि की गई। वहीं झालावाड़ के अन्नपूर्णा सीटी स्कैन द्वारा 16 अक्टूबर 24 को वीरम सिंह को जारी की गई पेट की रिपोर्ट में कैंसर की पुष्टि नहीं की गई। ऐसे में मरीज के साथ विडम्बना यह है कि वह किस रिपोर्ट को सही मानकर कैंसर माने या न माने। इस मामले को लेकर जब जिम्मेदारों से बात करना चाही तो कई बार प्रयास के बाद भी सिविल सर्जन डॉ नितिन पटेल ने निष्क्रियता का परिचय पूर्व की ही भांति दिया। वहीं सीएमएचओ डॉ किरण वाडिवा ने तुरंत ही दोनों जांच रिपोर्ट भेजने को कहा और भरोसा दिलाया की पीड़ित के साथ हमारी संवेदनाएं है मैं इस रिपोर्ट की जांच करवाती हूं।*

---

### लीड महाविद्यालय की समस्याओं को लेकर ज्ञापन

## अभाविप का आरोप, कॉलेज में पानी की टंकियों में तैर रहे कीड़े



**राजगढ़।** लीड महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की विभिन्न समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा गुरूवार दोपहर परिसर में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया गया। परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने आरोप लगाया कि महाविद्यालय में पानी की टंकी में कीड़े तैर रहे हैं, टंकियों में काई जमी हुई है। इन सब के प्रति कॉलेज प्रशासन मौन बना बैठा हुआ है। काफी समय तक की गई नारेबाजी के उपरान्त प्राचार्य गुप्ता को एबीवीपी सदस्यों ने अपना ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख था कि महाविद्यालय परिसर में असामाजिक तत्व घूमते रहते हैं उन पर सख्ती से रोक लगवाई जाए। महाविद्यालय में होने वाली खेल गतिविधियों की जानकारी सभी विद्यार्थियों को मिल सके इसके लिए वाट्सएप ग्रुप बनाकर जानकारी को सांझा किया जाए। कॉलेज परिसर में किसी भी कार्यक्रम, गतिविधि की पूर्व सूचना हर विद्यार्थी सूचना दी जानी चाहिए। सूचना पटल पर भी पूरी जानकारियां चस्पा नहीं की जा रही है। ऐसे विद्यार्थियों को मालूम ही नहीं हो पाता कि कॉलेज में कब क्या गतिविधि होनी है।

#### समस्याएं हल नहीं हुई तो करेंगे आंदोलन

प्राचार्य को सौंपे गए ज्ञापन में अभाविप पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो आगामी आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन के अवसर पर अभाविप नगर सह मंत्री आनंद शर्मा, पूर्व नगर मंत्री मनीष राजपूत, गोविंद सिंह गुर्जर, आदित्य सिंह, अंकित बाथम, हरीश सेन, सुनील वर्मा सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

---

# आए दिन चोर कर रहे माल कटिंग पुलिस की गश्त पर उठ रहे सवाल

## व्यापारियों को माल बेचने और परिवहन में आ रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

अभी सोयाबीन का सीजन चरम पर है और किसानों व व्यापारियों को अपना माल बेचने के लिए उसका परिवहन छोटे बड़े लोडिंग वाहनों से करना पड़ता है पर आए दिन नगर से करीब 5 किलोमीटर दूर स्टेट हाईवे बकानी रोड पर उन चलते वाहनों से माल की कटिंग चोरी कर ली जाती है। उनमें से कुछ लोगों को तो अपने निर्धारित स्थल पर जाकर पता लगता है की हमारे माल की चोरी हो गई है। और कुछ को पता लग भी जाता तो वो यह सोचकर पुलिस के पास नही जाते की होना जाना तो कुछ है नही और अपने से ही सत्रह तरह के सवाल पूछेंगे और वो मन मारकर अपना नुकसान सह लेते है। पर कुछ लोग इन चारो पर कार्यवाही चाहते है क्योंकि उन्हें अपना व्यापार भी करना है जिसके लिए उन्हें हमेशा माल लेना और बेचना पड़ता है। फरियादी माचलपुर निवासी पवन अग्रवाल ने एक आवेदन थाना प्रभारी माचलपुर जितेन्द्र सिंह मवाई को दिया जिसमे उनके द्वारा बताया गया की मेरे द्वारा 60 बोरी धनिये की एक पिकप में रामगंज मण्डी राजस्थान के लिए भरी गई थी सुबह 5 बजे के लगभग पिकप ड्राइवर का मेरे पास फोन आया की अपनी गाड़ी में से किसी ने धनिए की 6बोरिया रस्सी काट कर उतार ली है हम वहा जाकर पता किया तो एक बोरी हमे पड़ी मिल है बाकी बोरिया चोर लेकर जा चुके थे अतः उचित कार्यवाही की जाए। अब नगर से करीब आए दिन इस तरह के चोरी की वारदाते होना पुलिस की हाईवे गस्त पर पृष्ठ चिन्ह खड़ा करती है।




#### जानकारी नहीं है

हमे कोई जानकारी नहीं है। मैं ग्वालियर छुट्टी पर हूं।

**जितेंद्र सिंह मवाई,**
थाना प्रभारी माचलपुर

#### आवेदन दिया था

मैने फरियादी के साथ जाकर थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह मवाई को उचित कार्यवाही के लिए आवेदन दिया था।

**रामगोपाल खंडेलवाल**
पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा

---

### कृषि उपज मंडी में नीलामी के माध्यम से अनुबंध पर्ची प्राप्त करके ही करें अपनी उपज की बिक्री

**गुना।** सचिव, कृषि उपज मंडी समिति ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वह अपनी कृषि उपज मंडी प्रांगण में नीलामी के माध्यम से अनुबंध पर्ची प्राप्त कर ही विक्रय करें एवं मण्डी प्रांगण के बाहर सौदा पत्रक/ एमपी फार्मगेट के माध्यम से मंडी के लायसेंसधारी व्यापारी को ही विक्रय करें तथा अपनी उपज का भुगतान व्यापारी से उसी दिन प्राप्त करें। वर्तमान में ग्रामों से बगैर लायसेंसी व्यापारी किसानों को प्रलोभन देकर कृषक के घर से ही कृषि उपज की खरीद कर लेते हैं, जिससे कृषक को अपनी उपज का उचित मूल्य भी नहीं मिलता है साथ ही कृषक को उपज का भुगतान प्राप्त होने में भी धोखाधड़ी की संभावना बनी रहती है। इसे दृष्टिगत रखते हुए कृषक भाईयों से अपील की गयी है कि वह किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी से बचने के लिए किसी भी व्यक्ति या गैर लायसेंसधारी व्यापारी के बहकावे में न आएं और सुरक्षित रूप से अपनी कृषि उपज मंडी प्रांगण में नीलामी के माध्यम से या मंडी प्रांगण के बाहर सौदा पत्रक के माध्यम से मंडी के लायसेंसधारी व्यापारी को विक्रय करें।

---

**महज 15 दिनों में मंडी की आमदनी हुई 32 लाख**

# खिलचीपुर मंडी में सोयाबीन की बंपर आवक, रोड पर घंटों लग रहा जाम

## मंडी प्रबंधन की अव्यवस्था के कारण बने जाम के हालात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

छुट्टी के बाद खुली खिलचीपुर की कृषि उपज मंडी में सोयाबीन की बंपर आवक हुई। हजारों किसान अपनी फसल को बेचने खिलचीपुर मंडी में आए। समीप स्थित राजस्थान की मंडियों में सोयाबीन का भाव कम होने के कारण अधिक से अधिक किसान खिलचीपुर मंडी में अच्छे दाम लेने आ रहे हैं। वाहनों की अधिक आवाजाही होने से रोड पर जाम के हालात बने हुए हैं। दोपहर 12 बजे से लेकर 3 बजे तक रोड पर जाम लग रहा, चिल्ला चोट की स्थिति बनी पुलिस ने आकर बड़ी मुश्किल जाम खुलवाया।

#### मंडी परिसर में नहीं पुलिस बल का इंतजाम

सोयाबीन की बंपर आवक तथा राजस्थान स्थित मंडियों में सोयाबीन का उचित दाम नहीं मिलने से खिलचीपुर मंडी में किसान अपनी सोयाबीन बेचने अधिक से अधिक संख्या में आ रहे हैं,। वहीं प्रशासन की ओर से मंडी प्रांगण में पुलिस बल की अनुपस्थिति से भी जाम के हालात बने हुए यदि पुलिस बल तैनात रहे तो मनमाने ढंग से इधर-उधर वाहन चालक वाहन नहीं निकालेंगे जिससे जाम के हालात सुधरेंगे।

#### कैंटीन में मौजूद नहीं किसानों को सब्जी पूरी की व्यवस्था

मध्य प्रदेश शासन द्वारा दूर दराज से आये किसानों को मंडी प्रांगण में भोजन व्यवस्था की योजना चला रखी है, लेकिन मंडी सचिव की उचित निगरानी नहीं होने से किसानों को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वही कैंटीन संचालक पोया ,जलेबी, भजिया, चाय बेचकर अपनी जेब भरने में लगा हुआ है।

#### इनका कहना है...

हम हमारी ओर से व्यवस्था कर ही रहे हैं। कोई कमी रही तो पूरी करेंगे, पुलिस बल की आवश्यकता है।

**गोवर्धन लाल दांगी**
सचिव कृषि उपज मंडी खिलचीपुर।

---

# मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम व नियंत्रण के लिए कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताया गया है कि जिले में विकासखंड सारंगपुर के ग्राम दुगिया एवं ग्राम पठारी जागीर में डेंगू एवं चिकनगुनिया के केस प्रकाशन में आए हैं। उक्त दोनों ग्रामों में स्वास्थ्य अमला निरंतर कार्यरत हैं।

ग्राम दुगिया में 3 डेंगू पॉजीटिव केस आए हैं एवं ग्राम पठारीजागीर में 6 चिकनगुनिया पॉजीटिव मरीज प्राप्त हुए हैं। समस्त ग्रामों में लार्वा सर्वे, लार्वा विनिष्टिकरण, स्वास्थ्य शिक्षा एवं स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के द्वारा क्षेत्र के समस्त ग्रामों में समस्त आशाकार्यकर्ताध्आंनगवाड़ी कार्यकर्ताध्रोजगारसहायकध्पंचायत सचिवध्राजस्व अमले एवं अन्य विभागीय अमले को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही विकासखंड सारंगपुर के साथ ही राजगढ़ शहरी क्षेत्र तथा खिलचीपुर ब्लॉक के कुछ ग्रामों में डेंगू पॉजीटिव प्रकरण प्राप्त हो रहे हैं। अतः मच्छर जनित बीमारियों के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु जनभागीदारी आवश्यक हैं। जैसा डेंगू, चिकनगुनिया का मच्छर साफ पानी में पनपता है। साफ पानी में अंडे देता है एवं साफ पानी में लार्वा उत्पन्न होकर 07-09 दिन में मच्छर बन जाता है। समस्त जिले वासियों ग्राम वासियों से अनुरोध है कि अपने अपने घरों के अंदर कोई भी पात्र खुला न रखे, ढंक कर रखे। जिससे कि उसमें मच्छर प्रवेश न करें एवं डेंगू, चिकनगुनिया बीमारी का प्रसार हो रहा है उसे नियंत्रण में रखा जा सके।



ग्राम दुगिया में शुक्रवार को जिला स्तरीय स्वास्थ्य दल जिसमें जिला महामारी नियंत्रक डॉ. महेंद्र पालन सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री महेश साहू, जिला कम्यूनिटी मोबिलाईजर श्री सुनील वर्मा, श्री ऋषि विजयवर्गीय नर्सिंग होम शाखा लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा लोकल स्वास्थ्य अमले के साथ घर घर जाकर लार्वा सर्वे, लावा विनिष्टिकरण, बुखार सर्वे कर आवश्यक स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गई।

---

### वाल्मीकि जयंती पर निकाली शोभायात्रा

**कुरवाई।** नगर में वाल्मीकि जयंती पर बाल्मीकि समाज द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शीतला माता मंदिर से विधि विधान से पूजा अर्चना के उपरांत प्रारंभ होकर नगर के पुराना थाना, ब्राह्मण मोहल्ला, बस स्टैंड, मालीपुर तिराहा, बाल्मीकि मोहल्ला, मुख्य बाजार, मुरलीधर मंदिर होते हुए शीतला माता मंदिर पर प्रसादी वितरण के साथ समाप्त हुई। शोभा यात्रा में सम्मिलित लोगों का नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में गुरु संरक्षक राम सेवक वाल्मीकि, वाल्मीकि समाज अध्यक्ष संदीप वाल्मीकि, शिवचरण सचिन विजय, फूलचंद, दिलीप, जितेंद्र, विष्णु, अरविंद, शैलेंद्र आदि एवं समाज की महिलाएं बच्चे बच्चियां शामिल थे।

---

### सांडों के लड़ने पर बचते-बचाते निकल रहे लोग

## राजगढ़ के मेन मार्केट की सड़कों पर आवारा सांडों से बना खतरा

**राजगढ़।** मुख्यालय के मेन मार्केट में इन दिनों आवारा सांडों के यहां-वहां घूमने से आमजनों को खतरा बना हुआ है। ये आवारा मवेशी सहित सांड मेन रोड पर ही लड़ते देखे जा रहे हैं। शहर के बाषिंदे इन सांडों से जैसे-तैसे बचते बचाते निकलने को मजबूर हैं।

दरअसल, प्रषासन एवं नगर पालिका द्वारा द्वारा खुले में घूमते इन मवेषियों के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं की जा रही है। ऐसे में मेन रोड पर यह खतरा बना हुआ है। स्थानीय बस स्टैंड के आसपास घूमता एक सांड तो पागल बताया जा रहा है।

इस सांड ने पिछले दिनों कुछ लोगों पर हमले का प्रयास भी किया। लोग जैसे-तैसे बचते-बचाते निकले। अगर इन सांडों को शहर की सड़कों से दूर करने प्रशासन और नपा ने कोई स्थाई इंतेजाम नहीं किया तो भविष्य में जनहानि की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

---

### इंदौर पब्लिक स्कूल ब्यावरा से राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन



**ब्यावरा।** शहर के स्थानीय इंदौर पब्लिक स्कूल ब्यावरा के छात्र खुशदेव दांगी का राज्य स्तरीय अंडर 14 कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है जो कि विद्यार्थी शनिवार से रीवा जिले में होने जा रही 5 दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होकर भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करेगा। इस मौके पर संस्था संचालक हरिओम दांगी ,सहप्राचार्य चेनसिंह जाटव, कोच ओविश सर एवं शिक्षक रोहित सर, अरुण सर, सुमन सर, वीरेंद्र सर ,राहुल सर, संजय सर , सुनीता मेम, रोशनी मेम, प्रीति मेम, अर्पिता मेम, अनीता मेम, राखी मेम, पूजा मेम, वंदना मेम, द्रोपति मेम, दिव्यांशी मेम एवं रवीना मेम ने छात्र की इस उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं दीं , साथ ही आगे के मैच के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

---

### सोयाबीन का समर्थन मूल्य बढ़ाने सहित पंचायतों के अधिकारों लेकर प्रदर्शन किया

# किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने कई स्थानों पर किए चक्काजाम

**जाम से वाहन चालकों को हुई परेशानी, अधिकारियों ने खुलवाए जाम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा

सोयाबीन का समर्थन मूल्य बढ़ाने सहित किसानों की अनेकों मांगों एवं समस्याओं, पंचायतों के अधिकारों को बहाल करने सहित अन्य मांगों को लेकर कांग्रेसजनों द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों, हाईवे, आंतरिक मार्गों पर चक्काजाम किया गया। कई जगहों पर किए गए इस चक्काजाम एवं प्रदर्षन के कारण वाहन चालकों, यात्रियों को खासी परेषानियों का सामना करना पड़ा।

सूचना मिलने पर पुलिस के अधिकारी, प्रशासनिक अमला तुरंत मौके पर पहुंच गया और प्रदर्षनकारियों को पहले समझाइश दी। इसके बाद भी जब वे नहीं माने तो गिरफ्तार कर लिया गया। राजगढ़ में खुजनेर रोड पर बरखेड़ा की पुलिया के समीप पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, हेमराज कल्पोनी के नेतृत्व में चक्काजाम किया गया था। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही एसडीओपी दिनेष शर्मा, टीआई वीर सिंह ठाकुर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और चक्काजाम खत्म करवाया। इस दौरान मौके पर पहुंचे एसडीएम रत्नेष श्रीवास्तव को इंकाजनों द्वारा राज्यपाल के नाम अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।



#### पूर्व विधायक बोले शासन किसानों की मांग पूरी नहीं कर पा रहा

चक्काजाम के दौरान पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने कहा कि किसानों की प्रमुख मांग है कि सोयाबीन का समर्थन मूल्य 6 हजार कर दिया जाए। प्रदेश के किसानों की इस मांग को भी शासन पूरी नहीं कर पा रहा है। एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि जब से भाजपा सत्ता में आई है प्रजातांत्रिक व्यवस्थाएं समाप्त होकर तानाशाही शुरू हो गई है। निर्वाचित संस्थाएं ग्राम पंचायतों के अधिकारों में कटौती कर रही हैं। यह सरासर प्रजातंत्र का अपमान है। पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने ग्राम स्वराज की जो अवधारणा स्थापित की थी उसका मूल उद्धेष्य पंचायतों के हर व्यक्ति को समुचित न्याय प्रदान करना था। लेकिन, भाजपा शासन में ग्राम स्वराज की अवधारणा सिर्फ अवधारणा ही बनकर रह गई है। उस पर शासन तनिक भी ध्यान नहीं दे रहा है।



#### पंचायती राज सरपंच संघ के समर्थन में उतरे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने नेशनल हाईवे 46 को किया जाम

नरसिंहगढ़ के तिनदोनिया जामुनिया गणेश पुलिया पर पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंहकांग्रेस के संयुक्त पंचायती राज धरना प्रदर्शन में अपने कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए और गरीब शोषित मजदूर किसान सभी लोगों का मुद्दा उठाया। ताकि किसानों को समय पर मुआवजा मिल सके और मजदूरों और बेरोजगारों को सरकार के द्वारा सहायता मिल सके। इस संयुक्त धरना प्रदर्शन में आम आदमी पार्टी राजगढ़ जिले के सभी कार्यकर्ता और राजगढ़ कांग्रेस के सभी नेता गण मौजूद रहे और सभी लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए मुद्दे उठाये साथ ही यह धरना प्रदर्शन सरपंचों जनपद अध्यक्षों जनपद सदस्यों ऐसे सभी जनप्रतिनिधियों के पक्ष में चला इसके चलते 2 घंटे तक नैशनल हाइवे 46 भोपाल ब्यावरा हाईवे पूरी तरह से बंद रहा नेशनल हाईवे जाम करने पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह राज्यसभा सांसद के समर्थन में किसान भाई जनपद सदस्य जिला पंचायत सदस्य मजदूर वर्ग के हितों में सिंह ने योजनाओं का लाभ न देना किसानों का फसल बीमा योजना के संबंध में पंचायत सरपंचों के अधिकारों का हनन करने के संबंध में सरकार को घेरते हुए अपना उत्बोधन दिया। पंचायती राज सरपंच संघ के समर्थन में पूरे मध्य प्रदेश में हाहाकार मचा है और मैं इस समर्थन का स्पोर्ट करता हूं भाजपा सरकार जो की भ्रष्ट सरकार योजनाओं का लाभ योजनाओं का बखान तो करती है लेकिन गरीब मजदूर किसानों को उचित मूल्य रोजगार नहीं दे पा रही है उनके वादे तो बड़े-बड़े होते हैं लेकिन जमीन पर सारे खोखले नजर आ रहे हैं मेरे कार्यकाल में मैंने सभी का हित किया योजनाओं का लाभ दिया कोई भी वर्ग परेशान नहीं हुआ आज बढ़ती महंगाई बेरोजगारी विद्युत विभाग के लापरवाही से आम जनता त्रस्त है परेशान है जिसको लेकर राजगढ़ जिले में नेशनल हाईवे को हमने जाम किया और भाजपा के राज्य सरकार व केंद्र सरकार को चेतावनी दी नही तो करेंगे उग्र आंदोलन।